सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 34 | इंदौर, सोमवार 24 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● अमरावती महिला अस्पताल के NICU में लगी आग

## 39 नवजात में से तीन मासूमों की मौत, छह को किया गया शिफ्ट



**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के अमरावती स्थित जिला महिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष (एनआईसीयू) में सोमवार तड़के आग लगने से तीन नवजातों की मौत हो गई। हादसे के दौरान अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए कई बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 3:30 बजे अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित एनआईसीयू में अचानक धमाका हुआ। इसके बाद वार्ड में आग और धुआं फैल गया। बताया जा रहा है कि धमाका वेंटिलेटर में हुआ था, जिसके बाद आग भड़क उठी।

### NICU में भर्ती थे 39 नवजात

घटना के समय एनआईसीयू में कुल 39 नवजातों का इलाज चल रहा था। आग और धुआं फैलते ही ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर, नर्स और अन्य अस्पताल कर्मचारियों ने तुरंत बच्चों को वार्ड से बाहर निकालना शुरू कर दिया। अस्पताल स्टाफ ने अधिकांश नवजातों को सुरक्षित बाहर निकालकर उन्हें आग और धुएं से दूर पहुंचाया। हालांकि, हादसे में तीन नवजात गंभीर रूप से झुलस गए और बाद में उनकी मौत हो गई।

## नागपुर में बड़ा गैस कांड, 900 किलो के सिलेंडर से निकला जहर; इलाका सील

**नागपुर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार को जहरीली गैस के रिसाव के चलते कम से कम 40 लोग अस्पताल पहुंच गए हैं। खबर है कि एहतियात के तौर पर क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है और लोगों से कई सैकड़ों मीटर दूर रहने के लिए कहा गया है। वहीं, बचाव कार्य में जुटे कर्मियों को सुरक्षा किट पहने देखा गया था। कहा जा रहा है कि देर रात से ही सिलेंडर से रिसाव हो रहा था। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, एक वॉटर प्लांट से क्लोरीन गैस लीक होना शुरू हो गई थी। अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि गोधानी नगर पंचायत में फागो पाटिल ले आउट के पास वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में रिसाव हुआ था।

●दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचे सीएम मोहन

# अतिवृष्टि राहत की समीक्षा बोले- बीमारी फैलने न दें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को नई दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचे। उन्होंने रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ अतिवृष्टि से बने हालात और राहत कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने रीवा के गुलाब नगर में जलभराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। साथ ही उन्होंने कहा कि फसल नुकसान का तत्काल सर्वे करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन इलाकों में अभी भी बाढ़ का पानी है, वहां राहत शिविरों का बेहतर संचालन किया जाए। शिविरों में पर्याप्त भोजन, पीने का पानी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। जिन लोगों का घर या खाने-पीने का सामान नष्ट हुआ है, उन्हें आरबीसी 6 (4) के तहत तत्काल सहायता दी जाए। उन्होंने राहत शिविरों में साफ-सफाई पर भी विशेष



ध्यान देने को कहा। बाढ़ का पानी उतर चुके क्षेत्रों में भी प्रशासन की टीमें तुरंत पहुंचें। सभी जल स्रोतों और हैंडपंपों में ब्लीचिंग पाउडर से क्लोरीनेशन कराया जाए। प्रभावित गांवों और नगरीय वार्डों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं।

### बुखार-जुकाम को भी गंभीरता से लें

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ के बाद बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुए बुखार, सर्दी-जुकाम जैसे मामलों को भी गंभीरता से लिया जाए। किसी भी स्थिति में महामारी जैसी स्थिति नहीं बननी चाहिए। प्रभावित गांवों में बिजली व्यवस्था तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्सा विभाग की टीमें भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भेजने को कहा गया। मृत पशुओं का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जाए। गौशालाओं में चारा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो।

### फसल नुकसान का तत्काल सर्वे

मुख्यमंत्री ने फसल क्षति की सूचना मिलते ही सर्वे कराने के निर्देश दिए। शुरुआती अवस्था में बोई गई फसल नष्ट होने पर किसानों को बीज आदि उपलब्ध कराने को कहा। राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन और कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी फील्ड में रहकर काम करें। प्रभावित क्षेत्रों में अलग-अलग टीमें भेजने के निर्देश दिए गए।

### 24 से 27 अगस्त तक सतर्कता

मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते दो दिनों से बारिश थमने के बाद अधिकांश लोग राहत शिविरों से घर लौट चुके हैं। जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं या जनहानि-पशुहानि हुई है, उन्हें नियमानुसार मुआवजा और सहायता दी जाएगी। 24 से 27 अगस्त के बीच संभावित बारिश को देखते हुए प्रभावित जिलों में निगरानी और राहत-बचाव की तैयारियां बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# समृद्ध मध्यप्रदेश@2047 पर मंथन, सीएम मोहन यादव 24 अगस्त को करेंगे कॉन्क्लेव का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश को वर्ष 2047 तक समृद्ध और विकसित राज्य बनाने की दिशा में 24 अगस्त को भोपाल में राज्य स्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव सुबह 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के विकास के लिए केंद्रीय और राज्य संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव का विषय 'कंट्रीब्यूशन ऑफ सेंट्रली फंडेड इंस्टीट्यूशंस फॉर समृद्ध मध्यप्रदेश@2047' रखा गया है। इसकी थीम 'वन इंस्टीट्यूट-वन प्रॉमिस' होगी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल समृद्ध मध्यप्रदेश@2047 पर मुख्य वक्तव्य देंगे। सुशासन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित विशेष संबोधन करेंगे। मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा कॉन्क्लेव की पृष्ठभूमि और इसकी जरूरत पर जानकारी देंगे।

### आर्थिक विकास और सामाजिक सशक्तिकरण पर चर्चा

कॉन्क्लेव के दूसरे सत्र में 'इन्क्लूसिव इकोनॉमिक ग्रोथ एंड सोशल एम्पावरमेंट फॉर समृद्ध मध्यप्रदेश@2047' विषय पर चर्चा होगी। इसमें केंद्रीय संस्थानों के प्रतिनिधि और प्रदेश सरकार के अधिकारी शामिल होंगे। राज्य के विभिन्न विभाग अपनी प्रमुख चुनौतियों और प्राथमिकताओं को संस्थानों के सामने रखेंगे। कॉन्क्लेव का उद्देश्य प्रदेश की विकास जरूरतों को केंद्रीय संस्थानों की विशेषज्ञता, शोध, तकनीक, आधुनिक अधोसंरचना और मानव संसाधन से जोड़ना है। इससे स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, तकनीक, ऊर्जा, पर्यावरण, कौशल विकास और उद्योग जैसे क्षेत्रों में नए समाधान तैयार करने की उम्मीद है।

### 130 से ज्यादा संस्थान होंगे शामिल

कार्यक्रम में प्रदेश के 130 से अधिक केंद्रीय, राज्य



और निजी संस्थानों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इनमें आईआईटी इंदौर, आईआईएम इंदौर, आईआईएसईआर भोपाल, मैनिट भोपाल, एम्स भोपाल, एनएफएसयू भोपाल, डीआरडीओ, इसरो, आरआरकेट इंदौर सहित कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। इसके अलावा 59 केंद्रीय संस्थानों, 26 राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों, 11 शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, 19 शासकीय मेडिकल कॉलेज, आठ शोध संस्थानों और नौ चयनित निजी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

### 'वन इंस्टीट्यूट-वन प्रॉमिस' होगा खास

कॉन्क्लेव में 'वन इंस्टीट्यूट-वन प्रॉमिस' पहल प्रमुख आकर्षण होगी। इसके तहत प्रत्येक संस्थान मध्यप्रदेश के विकास से जुड़ा एक ऐसा संकल्प लेगा, जिसे जमीन पर लागू किया जा सके। इसके जरिए लंबे समय तक संस्थागत सहयोग और संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देने का प्रयास होगा। कॉन्क्लेव के दौरान सुशासन संस्थान और केंद्रीय संस्थानों के बीच एमओयू भी किए जाएंगे। इन समझौतों के जरिए संयुक्त शोध, तकनीकी समाधान, परियोजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की योजना है। सरकार का मानना है कि इससे मध्यप्रदेश में सरकार, शिक्षा, शोध, उद्योग और नवाचार के बीच मजबूत सहयोग का ढांचा तैयार होगा।

### 'गोरिल्ला' बना ट्रैफिक पुलिस का साथी...

# लोगों को नियमों का पढ़ाया पाठ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के पलासिया चौराहे पर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इंदौर पुलिस का अनोखा प्रयोग देखने को मिला। यहां गोरिल्ला की पोशाक पहने व्यक्ति ने सड़क पर उतरकर यातायात संभाला और वाहन चालकों को नियमों का पालन करने का संदेश दिया। अचानक गोरिल्ला को ट्रैफिक संभालते देख राहगीरों और वाहन चालकों का ध्यान उसकी ओर आकर्षित हुआ।**



गोरिल्ला ने रॉन्ग साइड से आने वाले वाहन चालकों को रोककर उन्हें सही दिशा में चलने का इशारा किया। जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन खड़े करने वालों को भी पीछे कराया गया। लोगों को समझाया गया कि जेब्रा क्रॉसिंग पैदल यात्रियों के सुरक्षित सड़क पार करने के लिए है, वाहनों को रोकने या पार्क करने के लिए नहीं।

अभियान के दौरान कई वाहन चालक अपने वाहन स्टॉप लाइन के पीछे करते नजर आए। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए भी जागरूक किया गया। गोरिल्ला ने केवल वाहन चालकों को नियमों का संदेश नहीं दिया, बल्कि बुजुर्गों और पैदल यात्रियों को सड़क पार कराने में भी मदद की। इस दौरान उसने यातायात संचालन में पुलिस का सहयोग किया। अभियान में यातायात पुलिस के अधिकारी और एनसीसी कैडेट्स भी मौजूद रहे। पुलिस ने इस गतिविधि के माध्यम से लोगों तक सुरक्षा का संदेश मनोरंजक और प्रभावी तरीके से पहुंचाने का प्रयास किया। इस अनोखे अभियान का संदेश था- 'मैं तो जानवर हूं, फिर भी मुझे ट्रैफिक सेंस है। तुम तो इंसान हो। ट्रैफिक नियम तोड़ोगे तो चोट लग सकती है, जान जा सकती है। जब मैं नियम समझ सकता हूं, तो तुम क्यों नहीं समझते?' पलासिया चौराहे का यह अनोखा अभियान और गोरिल्ला का वीडियो सोशल मीडिया पर भी चर्चा में है।

## क्षय पीड़ितों की पीड़ा समझी, 2012 से राशन की मदद से संवार रहे जिंदगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विभिन्न संस्थानों के सहयोग से डॉ. विजय छजलानी के नेतृत्व में वर्ष 2012 से क्षय पीड़ितों की सहायता का सेवा कार्य निरंतर जारी है। इस सेवा कार्य को आगे बढ़ाते हुए अध्यक्ष हीरालाल जैन ने क्षय पीड़ित सहायता संघ का गठन कर जरूरतमंद क्षय पीड़ितों के लिए सहायता अभियान की शुरुआत की। इसके माध्यम से प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को जरूरतमंदों को राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।**

इस सेवा अभियान की शुरुआत उस समय हुई, जब क्षय पीड़ित आर्थिक तंगी के कारण दवाइयों के साथ-साथ अपने भरण-पोषण की जरूरतें पूरी करने में भी कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। कई मरीजों के सामने दवा लेने के साथ भोजन और परिवार के भरण-पोषण की चिंता भी बड़ी चुनौती थी। ऐसे कठिन दौर में डॉ. विजय छजलानी जी आगे आए और क्षय पीड़ितों की सहायता के लिए सेवा का यह सिलसिला शुरू हुआ। आज इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए अध्यक्ष हीरालाल जी जैन, समाजसेवी कमल जैन सहित अनेक सेवा भावी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों की मदद में जुटे हैं। नियमित राशन सहायता से क्षय पीड़ित परिवारों को काफी संबल मिल रहा है और उन्हें अपनी उपचार प्रक्रिया के साथ जीवन की अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहयोग मिल रहा है। क्षय पीड़ित सहायता संघ के संरक्षक डॉ. जी.डी. नागर एवं डॉ. विजय छजलानी, सचिव जयप्रकाश माहेश्वरी तथा कमल सिंह गहलोत सेवा कार्यों को निरंतर गति दे रहे हैं। संस्था का उद्देश्य ईश्वर की प्रेरणा से मानव सेवा के इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना है। आज यह सेवा अभियान संवेदना, सहयोग और समर्पण की मिसाल बनकर क्षय पीड़ितों के जीवन में उम्मीद की किरण जगा रहा है।

# 45 डिग्री के एंगल पर बैलेंस है भगवान गणेश की प्रतिमा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में इस वर्ष मिट्टी की एक अनोखी गणेश प्रतिमा निर्मित की गई है। यह एक विशेष बैलेंसिंग प्रतिमा है जो केवल एक ही पैर पर पूरी तरह टिकी हुई है। इस अद्भुत प्रतिमा का निर्माण इंदौर के मूर्तिकार अतुल पाल और उनकी टीम ने मिलकर लगभग 2.5 महीने की कठिन मेहनत के बाद पूरा किया है। निर्माण कार्य संपन्न होने के बाद अब इस प्रतिमा को बेहद सावधानीपूर्वक राजगढ़ भेजने की तैयारी कर ली गई है। पिछले वर्ष मुंबई में बनाई गई इस प्रकार की 45 डिग्री के कोण पर संतुलित प्रतिमा इंटरनेट पर काफी चर्चित हुई थी। उसी तर्ज पर इस बार राजगढ़ के आयोजकों ने इंदौर के मूर्तिकारों से ऐसी ही प्रतिमा बनाने का अनुरोध किया था। कार्य की जटिलता और जोखिम को देखते हुए शुरुआती दौर में कोई भी



मूर्तिकार इसे बनाने के लिए तैयार नहीं हो रहा था। इसके बाद पाल मूर्तिकार आर्ट्स के अतुल पाल ने इस कार्य को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। अतुल पाल और उनकी टीम ने 2.5 महीने का समय देकर इसे सफलतापूर्वक आकार दे दिया। सोमवार के दिन यह प्रतिमा राजगढ़ के लिए रवाना की जा रही है। इस संरचना को संतुलित करने के लिए लोहे की गर्डर का आधार के रूप में उपयोग किया गया है और तत्पश्चात उस पर मिट्टी से नक्काशी की गई है। यह प्रतिमा कुल 16 फीट ऊंची है और इसका वजन लगभग 2.5 क्विंटल दर्ज किया गया है। शहर के बंगाली चौराहा स्थित विभिन्न कारखानों में गणेश चतुर्थी से कई महीनों पूर्व ही प्रतिमाओं के निर्माण का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। यहां पश्चिम बंगाल से आए मूर्तिकार हजारों की संख्या में मूर्तियों का निर्माण करते हैं। इन प्रतिमाओं के लिए विशेष रूप से गंगा नदी की मिट्टी मंगवाई जाती है। इसके अतिरिक्त बांस, घास, सुतली तथा श्रृंगार की सामग्री भी बाहरी क्षेत्रों से लाई जाती है। प्रतिमाओं के चेहरे एवं हाथों की उंगलियों को सुडौल और बारीक आकार देने के लिए शिप्रा नदी की पीली मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। इस वर्ष बढ़ती महंगाई के कारण प्रतिमाओं की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, परंतु इसके बाद भी बाजार में इनकी मांग में जबरदस्त इजाफा देखा जा रहा है।

## आधा किलो प्लास्टिक लाओ, एक पौधा ले जाओ अभियान को रविवार को भी मिला अच्छा प्रतिसाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम इंदौर द्वारा चलाए जा रहे "आधा किलो प्लास्टिक लाओ, एक पौधा ले जाओ" अभियान को रविवार अवकाश के दिन भी अच्छा प्रतिसाद मिला। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार 20 से 30 अगस्त तक शहर के सभी 15 RRR केंद्रों पर अभियान संचालित किया जा रहा है।**



रविवार को 173 नागरिकों ने सहभागिता करते हुए कुल 84 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जमा कराया, जिसके बदले 152 पौधों का वितरण किया गया। नागरिक सहभागिता में पलासिया स्क्वायर केंद्र सबसे आगे रहा, जहां 26 लोगों ने प्लास्टिक जमा कराया। उज्जैन नाका पर 24, वर्ल्ड कप स्क्वायर पर 22 तथा पागनीसपागा, हवा बंगला जोन कार्यालय और बीसीएम हाइट्स केंद्रों पर 20-20 नागरिकों ने सहभागिता की। प्लास्टिक संग्रहण में उज्जैन नाका केंद्र पर सर्वाधिक 12 किलो, वर्ल्ड कप स्क्वायर पर 11 किलो तथा टेम्पो स्टैंड स्क्वायर, पागनीसपागा, हवा बंगला जोन कार्यालय और बीसीएम हाइट्स केंद्रों पर 10-10 किलो प्लास्टिक एकत्र किया गया। उज्जैन नाका पर 24 और वर्ल्ड कप स्क्वायर पर 22 पौधे वितरित किए गए। नगर निगम ने नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक खुले में न फेंककर निकटतम RRR केंद्र पर जमा कराने और अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की है। एकत्रित प्लास्टिक को अधिकृत एजेंसी के माध्यम से पुनर्चक्रण अथवा सुरक्षित निपटान के लिए भेजा जाएगा।

## सारांश जैन को कुलदीप यादव की जगह प्लेइंग-11 में मिली जगह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के सारांश जैन ने भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम में डेब्यू कर लिया है। श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले में उन्हें कुलदीप यादव की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। इसके साथ ही सारांश के अंतरराष्ट्रीय टेस्ट करियर की शुरुआत हो गई। सारांश को टीम में शामिल किए जाने से इंदौर के क्रिकेट जगत में उत्साह का माहौल है। घरेलू क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाले सारांश को अब टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। टेस्ट मैच के लिए घोषित भारतीय प्लेइंग-11 में सारांश जैन को जगह दी गई है। वह कुलदीप यादव की जगह टीम का हिस्सा बने हैं। टीम में शामिल होने के साथ ही सारांश ने अपने करियर का नया अध्याय शुरू किया है। सारांश ने घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। गेंदबाजी के साथ उपयोगी बल्लेबाजी करने की क्षमता के कारण उन्हें टीम के लिए उपयोगी ऑलराउंड विकल्प माना जाता है। अब टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू के साथ इंदौर के इस क्रिकेटर के सामने खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साबित करने का मौका है। शहर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें उनके प्रदर्शन पर रहेंगी।



# प्रिंसिपल के ट्रांसफर पर बच्चों ने फोड़े पटाखे, मिठाई बांटकर मनाई खुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले के देपालपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सपना भदौरिया का देवास तबादला होने पर विद्यार्थियों ने खुशी मनाई। ट्रांसफर की जानकारी मिलते ही स्कूल के मुख्य गेट के बाहर छात्र-छात्राओं की भीड़ जुट गई। विद्यार्थियों ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।**



स्कूल में माइग्रेशन सर्टिफिकेट को लेकर एक छात्र और प्राचार्य के बीच विवाद हुआ था। सर्टिफिकेट मिलने में परेशानी होने पर छात्र ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। इसके बाद प्राचार्य और छात्र के बीच बातचीत का कथित ऑडियो सामने आया। छात्र का दावा है कि प्राचार्य ने कहा था- "तूने सीएम हेल्पलाइन लगाई है तो क्या यहां मुख्यमंत्री ढूंढने आएगा? मुख्यमंत्री से ले ले, तुझे ढूंढकर सीएम देगा, मैं क्या करूं?" ऑडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया। मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को स्कूल पहुंचकर करीब दो घंटे प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच और छात्र को जल्द माइग्रेशन सर्टिफिकेट दिलाने की मांग की थी। प्रदर्शन के दौरान स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगाए जाने और बाद में ताला तोड़कर परिसर में प्रवेश करने की बात भी सामने आई थी। कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य पर अन्य अनियमितताओं के आरोप भी लगाए थे। मामले के बाद आयुक्त के आदेश पर प्राचार्य सपना भदौरिया का देवास तबादला कर दिया गया। तबादले की जानकारी मिलने के बाद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने खुशी जताई। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से परेशान थे।

## साधु के वेश में आए ठग ने चेन उड़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवक को साधु के वेश में आए ठग को स्कूटी पर लिफ्ट देना भारी पड़ गया। आरोपी ने भभूति लगाने का झांसा देकर युवक की मुट्ठी बंद करवाई और उसके गले से सोने की चेन ले गया। पीड़ित की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने आरोपी के फुटेज निकालकर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

क्लासिक टाउनशिप निवासी 29 वर्षीय आदित्य जैन ई-कॉमर्स का काम करते हैं। शनिवार को वे स्कूटी से घर लौट रहे थे। सिक्का स्कूल के पास सड़क किनारे खड़े एक साधु ने हाथ देकर उन्हें रोका और आगे तक छोड़ने के लिए कहा। आदित्य ने दया दिखाते हुए उसे स्कूटी पर बैठा लिया। स्कीम नंबर 136 में जंगल कैफे के पास साधु स्कूटी से उतर गया और आदित्य को बातों में उलझा लिया। उसने आदित्य के हाथ में भभूति दी और माथे पर लगाने को कहा। इसके बाद आरोपी ने आदित्य के गले से पुरानी सोने की चेन उतरवा ली। उसने चेन पर भभूति डालने का नाटक किया और आदित्य की मुट्ठी बंद कराकर उसे जेब में रखने को कहा। आरोपी ने आदित्य से कहा कि वह थोड़ा आगे जाकर वापस आए। युवक जब आगे गया और जेब चेक की तो चेन गायब थी। पीछे लौटकर देखा तो आरोपी मौके से फरार हो चुका था। काफी तलाश के बाद भी आरोपी का सुराग नहीं मिला। इसके बाद आदित्य ने अपने दोस्त को जानकारी दी और थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

## आईडीए के प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आईडीए के विभिन्न डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स को लेकर कमिश्नर व आईडीए अध्यक्ष भास्कर लक्षकार की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शहर में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की गई। आईडीए के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े ने प्राधिकरण के विभिन्न प्रोजेक्ट्स के चल रहे विकास कामों की स्थिति की जानकारी दी। बैठक में नगर विकास योजनाओं के तहत विकसित मास्टर प्लान और आंतरिक सड़कों के निर्माण की प्रगति के साथ उनकी गुणवत्ता पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा प्रमुख प्रोजेक्ट्स को लेकर निर्माण एजेंसियों से सीधे संवाद किया गया। कमिश्नर ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी प्रोजेक्ट्स में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं होना चाहिए और परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा किया जाए।

## होलकरकालीन तर्ज पर आज निकलेगी बाबा गुटकेश्वर महादेव की शाही सवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। श्री गुटकेश्वर धाम सद्गुरु परिवार न्यास द्वारा अंतिम सावन सोमवार पर बाबा गुटकेश्वर महादेव की परंपरागत शाही सवारी 24 अगस्त को निकाली जाएगी। आयोजन प्रमुख धीरज शुक्ला और चंद्रप्रकाश दुबे ने बताया कि होलकरकालीन परंपरा के अनुरूप शाही लवाजमे के साथ सवारी दोपहर 3 बजे किला मैदान स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होगी। यात्रा श्री धाम सरकार के सानिध्य में निकलेगी, जिसमें साधु-संत भी शामिल होंगे।

यह शाही सवारी का 28वां वर्ष है। इस बार सवारी गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और गौसेवा का संकल्प लेकर निकाली जाएगी। सवारी में गौमाता, शिव विवाह और गणपति सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मथुरा-वृंदावन के संत भी इसमें शामिल होंगे। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर यात्रा में सम्मिलित होंगी। महाकाल भस्म रमैया मंडली के 40 सदस्य डमरू और ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल होंगे। सवारी का शहर में 100 से अधिक मंचों से स्वागत किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## सड़क पर चाकू लेकर कर रहा था छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चंदन नगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क पर खुलेआम चाकू लहराकर महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले बदमाश को पुलिस ने देर रात हिरासत में ले लिया। आरोपी अपने साथियों के साथ नशे की हालत में चादू वाला रोड पर हंगामा कर रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध वसूली और धमकाने की धाराओं में मामला दर्ज कर उससे थाने में उठक-बैठक लगवाई।पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान चादू वाला रोड निवासी जबीर उर्फ कल्लू (पिता शाकिर) के रूप में हुई है। शनिवार रात जबीर अपने अन्य साथियों के साथ चादू वाला रोड पर खुलेआम हाथ में चाकू लेकर खड़ा था। वह नशे में था और वहां से गुजरने वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। इस दौरान लोगों ने उसकी हरकत का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।




दो तस्करों की गिरफ्तारी...

## इंदौर अलीराजपुर से गुजरात तक जुड़ा है अवैध शराब सप्लाई का नेटवर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर पुलिस ने 24 जुलाई को कनाड़िया बायपास पर पकड़े गए अवैध शराब से भरे ट्रक के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रक से लाखों रुपये की अवैध शराब जब्त की थी। इस मामले में पहले आकाश अहिरवार, राहुल नामदेव, दीपांशु और विजय को गिरफ्तार किया गया था।**



पुलिस ने शनिवार को अमितेष नगर निवासी हनी टूटेजा और मोनू उर्फ कृष्णा को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चंदर चौहान और प्रदीप चौहान के नाम बताए हैं। अब पुलिस इन दोनों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, चंदर और प्रदीप अलीराजपुर क्षेत्र में शराब के कारोबार से जुड़े हैं और वहीं से अवैध शराब का नेटवर्क संचालित करते हैं। पुलिस को आशंका है कि मध्य प्रदेश के इंदौर और आसपास के शहरों के शराब ठेकेदारों से अवैध शराब खरीदी जाती है। इसके बाद छोटे वाहनों के जरिए इसे गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में भेजा जाता है। अलीराजपुर गुजरात की सीमा से सटा हुआ है, जिसके चलते यहां से अवैध शराब की सप्लाई का नेटवर्क संचालित होने की बात सामने आई है। अलीराजपुर क्षेत्र से गुजरात को जोड़ने वाली कई सीमाएं घने जंगलों से घिरी हुई हैं। अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोग इन जंगलों के रास्तों का इस्तेमाल कर शराब गुजरात पहुंचाते हैं। गुजरात में शराब की बिक्री प्रतिबंधित होने के कारण वहां इसकी कीमत अधिक मिलती है। फिलहाल इंदौर पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध शराब की खरीद, परिवहन और गुजरात में सप्लाई के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर जिले के बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से की बातचीत

# किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के किसान भाइयों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं। राज्य सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी का परिणाम है कि बलराम कृषि महोत्सव में आधुनिक तकनीकों की जानकारी के साथ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपनी व्यस्तताओं के बावजूद किसानों से संवाद अवश्य करते हैं। भले ही नई दिल्ली की व्यस्तता हो या प्रदेश के जिलों के अन्य प्रशासनिक दायित्व, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर जिले के बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से बातचीत की।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर ही कृषकों को कृषि की आधुनिक तकनीक, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण और शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए जिलों में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत दिवस नई दिल्ली से शिवपुरी के किसानों से वर्चुअली चर्चा की। इससे पहले वे अशोकनगर, गुना, विदिशा, रायसेन, भोपाल राजगढ़ सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, उज्जैन, खरगोन आदि स्थानों पर हुए बलराम कृषि महोत्सव में वर्चुअल सहभागिता कर चुके हैं। जनजातीय बाहुल्य अलीराजपुर के महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वयं व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित हुए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि किसान के समृद्ध और खुशहाल होने से ही संपूर्ण समाज अन्न और धन-धान्य से परिपूर्ण रहेगा। सीमा पर जवान और खेत में किसान की भूमिका समान है, दोनों ही देश के लिए समर्पित हैं। उनकी इस प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप ही राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता और सक्रियता से किसान हित में कार्य कर रही है। पूरा साल किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अशोक नगर के बलराम कृषि महोत्सव में कहा था कि किसान का अर्थ ही स्वावलंबन है, अपने बलबूतों पर अपने परिवार के साथ संपूर्ण समाज के पालन पोषण के लिए अन्न का कटोरा भरने का सामर्थ्य किसानों में ही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर किसानों की आय बढ़ाने, उनका जीवन स्तर उन्नत करने और उनके समग्र कल्याण के लिए आरंभ बलराम कृषि महोत्सव में जिला स्तर पर कृषि के उन्नत तकनीक के प्रदर्शन और विषय विशेषज्ञों से किसानों के सीधे संवाद की व्यवस्था की गई है। इन आयोजनों में किसानों को नवीन तकनीक और बाजार आधारित कृषि मॉडल की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को डिजिटल कृषि सेवा, मौसम आधारित खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, स्मार्ट सिंचाई, उन्नत कृषि यंत्रों और आधुनिक कृषि प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी भी दी जा रही है। कृषि विशेषज्ञ किसानों को बदलती जलवायु के अनुरूप खेती की नई पद्धतियों और जोखिम प्रबंधन के उपाय से भी अवगत करा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों को अपनी किसान आईडी बनाने के लिए भी निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। किसान आईडी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए।

# प्रेमिका के 2 बच्चों की हत्या कुएं में फेंकी लाशें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**छतरपुर, एजेंसी।** एमपी के छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में दो मासूम सगे भाइयों की संदिग्ध हत्या का मामला सामने आया है। वार्ड नंबर-2 के सिद्दन मोहल्ला निवासी निरपत यादव के बेटे सचिन यादव (11) और प्रेम यादव (9) शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल से घर लौट रहे थे। दोनों स्थानीय क्लाइमेक्स इंग्लिश स्कूल में पढ़ते थे।

जब काफी देर तक दोनों घर नहीं पहुंचे तो परिवार ने आसपास और उनके संभावित रास्तों पर तलाश शुरू की। बच्चों का कोई सुराग नहीं मिलने पर उनकी मां संगीता यादव ने लवकुशनगर थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। दो बच्चों के एक साथ लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने पहाड़तरे के पुरवा क्षेत्र में भी सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान एक कुएं में दोनों बच्चों के शव दिखाई दिए। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों शवों को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला बच्चों की मां से जुड़े कथित प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को शक है कि महिला के संपर्क में रहने वाले एक युवक ने दोनों बच्चों को रास्ते से हटाने की साजिश रची। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, आरोपी ने कथित तौर पर दोनों बच्चों को बाइक से अपने साथ ले जाकर कुएं तक पहुंचाया और उन्हें कुएं में फेंक दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी पूरे घटनाक्रम और हत्या की वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

# लोगों की गल रही चमड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी।** राजगढ़ में इन दिनों तेजी से सेल्यूलाइटिस नाम का बैक्टीरियल इंफेक्शन फैल रहा है। जिला अस्पताल में अब तक इसके 40 से ज्यादा मरीज सामने आ चुके हैं। ब्यावरा के एक मरीज का पैर का पूरा पंजा काटना पड़ा। जिला अस्पताल के हड्डी रोग सर्जन डॉ. अभिषेक सिलोदिया के मुताबिक, यह सेल्यूलाइटिस बैक्टीरिया से होने वाला संक्रमण है, जो त्वचा और उसके नीचे के ऊतकों में फैलता है। इसकी शुरुआत अकसर मामूली चोट, कट, खुजली या सूजन से होती है। समय पर इलाज नहीं मिलने पर संक्रमण तेजी से गंभीर हो सकता है। इन दिनों रोज एक से दो मरीज सामने आ रहे हैं।

# प्राइवेट बाइक से Ola-Rapido चलाई तो होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** शहर में ओला और रैपिडो जैसी बाइक टैक्सी सेवाओं पर परिवहन विभाग की सख्ती का असर दिख सकता है। विभाग ने साफ कर दिया है कि एग्रीगेटर प्लेटफार्म पर सिर्फ वैध कमर्शियल नंबर वाले वाहन ही सवारी ढो सकेंगे। निजी नंबर की बाइक या कार से यात्रियों को किराए पर ले जाते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में नियमों का पालन कराने की मुहिम तेज हुई तो शहर में बाइक टैक्सी की उपलब्धता और राइड के इंतजार का समय दोनों प्रभावित हो सकते हैं। आरटीओ जितेंद्र शर्मा के मुताबिक एग्रीगेटर प्लेटफार्म पर कमर्शियल नंबर वाले वाहनों को ही चलने की अनुमति है। प्राइवेट नंबर की बाइक या कार से किराए पर सवारी ले जाते मिलने पर संबंधित वाहन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर में बाइक टैक्सी के रूप में 10 हजार से ज्यादा दोपहिया वाहन चलने का दावा किया जा रहा है, जबकि परिवहन विभाग के अनुसार भोपाल में कमर्शियल नंबर वाली बाइक की संख्या करीब 200 से 300 ही है। टैक्सी यूनियनों का कहना है कि बड़ी संख्या में निजी वाहन नियमों को दरकिनार कर यात्रियों को ढो रहे हैं।

# कुबेरेश्वर धाम आई महाराष्ट्र की महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** एमपी के प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में दर्शन करने आई महाराष्ट्र की एक महिला की मौत हो गई। महिला की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। मृतक महिला की पहचान कौशल बाई कवड़े के रूप में हुई है, जिनकी उम्र लगभग 70 से 75 वर्ष थी। वह महाराष्ट्र के नागपुर के पास (लगभग 25-30 किलोमीटर दूर) की रहने वाली थीं और कुबेरेश्वर धाम दर्शन के लिए आई थीं। बताया जा रहा है कि धाम परिसर में विश्राम करते समय उन्हें अचानक सीने में दर्द हुआ। यह साइलेंट हार्ट अटैक था।

# बोलेरो ने कुचला बाइक सवार परिवार को, 3 की मौत

## धार में आधे घंटे सड़क पर पड़े रहे शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी। मध्यप्रदेश के धार में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें 32 वर्षीय अंतर सिंह, उनका 4 वर्षीय बेटा अशोक और काका ससुर भूरा सिंह शामिल हैं।**



हादसा मागोद-अमझेरा-मनावर हाईवे पर रविवार दोपहर को हुआ। इसमें अंतर सिंह की 12 वर्षीय बेटी रेशम गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंधवानी अस्पताल से धार जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह बेहोशी की हालत में उपचाररत है। अंतर सिंह अपनी बेटी रेशम, 4 वर्षीय बेटे अशोक और काका ससुर भूरा सिंह के साथ बाइक से गांव केशवी लौट रहे थे। वे अपनी बहन के घर त्योहार का सामान देने गए थे। सामान देकर घर लौटते समय बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अंतर सिंह, उनके 4 वर्षीय बेटे अशोक और भूरा सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रेशम गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे पहले गंधवानी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे धार जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद सड़क पर काफी देर तक शव पड़े रहे। एम्बुलेंस के पहुंचने के बाद शवों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जीराबाद पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए हैं और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। केशवी निवासी अंतर सिंह मजदूरी करते थे। वे अपनी बहन के घर दागड़िया वीरपोष के त्योहार का सामान देने गए थे। उनकी बेटी रेशम भी अपनी बुआ के घर थी। वहीं उनके काका ससुर भूरा सिंह भी मेहमान के रूप में उनके साथ आए थे। सामान देने के बाद अंतर सिंह अपनी बेटी, बेटे और काका ससुर के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में हादसा हो गया।



## संपादकीय

# सीवर मौतों पर सख्त जवाबदेही तय हो

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) ने देश भर में सीवर और सेप्टिक टैंक में मौत के 1,377 मामलों में से 1,223 परिवारों को मुआवजा देने की मंजूरी दी है। आयोग को हर साल 1,200 से ज्यादा शिकायतें मिलती हैं और वह उचित कार्रवाई और समाधान के लिए संबंधित सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों और अन्य संस्थानों के साथ इन मामलों पर काम करता है। एनसीएसके ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में अपना 33वां स्थापना दिवस मनाया। दिन भर चले इस कार्यक्रम में 900 से ज्यादा सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों, शहरी स्थानीय निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों, नागरिक समाज संगठनों और सफाई कर्मचारियों के कल्याण, सम्मान और सुरक्षा के लिए काम करने वाले अन्य हितधारकों के बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि स्थापना दिवस केवल किसी संस्थान की यात्रा का जश्न नहीं था। यह उन लाखों सफाई कर्मचारियों के योगदान का सम्मान करने का भी अवसर था जो हर दिन देश के शहरों, गांवों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों को साफ और सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने खतरनाक तरीके से हाथ से सफाई करने की प्रथा को पूरी तरह खत्म करने और सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए मशीनों के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण और सामाजिक सुरक्षा सहायता मिलनी चाहिए, साथ ही हर दुर्घटना या मौत के मामले में जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रभावित परिवारों को समयबद्ध तरीके से सहायता, मुआवजा और पुनर्वास मिलना चाहिए। मेघवाल ने कहा कि भारत जैसे-जैसे एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, वैसे ही उसकी स्वच्छता प्रणाली भी आधुनिक, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी-आधारित और मानवीय गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए, और किसी भी मानव जीवन को ऐसे काम के लिए जोखिम में नहीं डाला जाना चाहिए जिसे मशीन सुरक्षित रूप से कर सकती है। मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। खतरनाक मैनुअल प्रवेश को शून्य करना। सीधी और सेप्टिक टैंक में होने वाली उदासीनता को शून्य करना, पूर्ण मशीनीकरण और प्रत्येक सफाई कर्मचारियों के लिए गरिमापूर्ण और सुरक्षित जीवन।

## सैर सपाटा

**नैनीताल घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो परीताल भी देखने जाएं। इस झील को लेकर कहा जाता है कि यहां पर देव परियां आती हैं। चलिए आपको इस झील और इसकी कहानियों के बारे में बताते हैं।**

# क्या वाकई नैनीताल की परीताल झील में आती हैं परियां?

*जानिए कहानी है या सच*



उत्तराखंड का खूबसूरत शहर नैनीताल घूमने के लिए हजारों लोग पहुंचते हैं। नैनीताल को झीलों का सुंदर शहर कहा जाता है, जहां पर आप प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देख सकते हैं। नैनीताल के भीमताल, राम ताल, लक्ष्मण ताल, सीता ताल के बारे में आपने खूब सुना होगा लेकिन क्या यहां पर मौजूद परीताल की कहानियां सुनी हैं। कुमाऊं की वादियों में दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसी परीताल झील अपने अंदर कई रहस्यों को समेटे हुए हैं। इस झील को देखने लोग जाते हैं और वहां पर फैली कहानियां सुनकर लौट जाते हैं। चलिए आपको आज हम परीताल की कहानी सुनाते हैं।

### झीलों वाला शहर

ऐसा कहा जाता है कि नैनीताल में करीब 60 छोटे और बड़े ताल यानी झीलें हैं। इनमें भीमताल, राम ताल, लक्ष्मण ताल और गरुण ताल के बारे में आपने सुना होगा लेकिन परीताल के बारे में शायद ही कोई जानता होगा। नैनीताल से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर चाफी नाम का गांव है, यहीं से 3-4 किलोमीटर के पैदल रास्ते पर परीताल झील है। इस झील तक पहुंचने के लिए आपको पत्थरों और चट्टान वाले रास्ते से होकर गुजरना पड़ेगा।

### परियों के आने की कहानियां

परीताल नाम से ही आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इस ताल की कहानी परी से जुड़ी हुई है। इस झील को लेकर लोककथाएं प्रचलित हैं कि यहां देव परियां आया करती हैं। कहते हैं कि हर पूर्णिमा की रात जब चांद की रोशनी पूरी होती है तो परियां इस झील में नहाने आती हैं। इसी वजह से झील का नाम भी परीताल पड़ा। इतना ही नहीं गांव के लोग पूर्णिमा की रात को इस झील के आस-पास नहीं जाते हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि लोगों ने यहां से परियों को निकलते देखा है और इस झील की गहराई की पता कोई नहीं लगा पाया है।

### शिलाजीत की चट्टानें

परियों की कहानियों के साथ झील के किनारे मौजूद चट्टानों को शिलाजीत की चट्टानें माना जाता है। फिलहाल, इन बातों में कितनी सच्चाई है इसका पता आजतक कोई नहीं लगा पाया है। लेकिन ये झील बेहद साफ और सुंदर दिखती हैं। लोग इसके किनारे बनी चट्टानों पर बैठकर फोटो खिंचवाते हैं और सुंदर नजारे देखते हैं।

### यहां कैसे पहुंचे

दिल्ली से नैनीताल आप बस से जा सकते हैं और फिर वहां से भीमताल, धानाचूली मार्ग होते हुए चाफी गांव आना होगा। इस गांव से 4-5 किमी पैदल ट्रैक करते हुए आप इस झील तक पहुंच सकते हैं। बता दें, इस झील तक जाने के लिए आपको दिन में ही अनुमति मिलेगी। रात में लोग यहां जाने की एंट्री नहीं देते हैं। अगर आप एडवेंचर पसंद करते हैं, तो यहां तक जा सकते हैं। इसके अलावा नैनीताल के आस-पास की खूबसूरत जगहों पर भी घूमने जा सकते हैं। आप पंगोट जैसी सुंदर जगहों पर भी जाएं।

New Delhi

# पंजाब में हाई अलर्ट, पाकिस्तानी गैंगस्टर एक्टिव, 2 जगहों की हो गई रेकी- रिपोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)**पंजाब में बड़ी आतंकवादी घटना की साजिश रचे जाने की आशंका है। खबर है कि खुफिया एजेंसियों ने राज्य में अलर्ट जारी किया है। आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्लान बनाया है और इसके लिए दो स्थानों की रेकी की गई है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया इनपुट हैं कि पाकिस्तानी गुर्गे अमृतसर जिले में सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकते हैं। यह जानकारी पंजाब पुलिस समेत अन्य एजेंसियों के साथ शेयर कर दी गई है। साथ ही



सुरक्षा एजेंसियों कहा गया है कि इस इनपुट को बेहद गंभीरता से लिया जाए और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा को बढ़ा दिया जाए।

रिपोर्ट के अनुसार, इन दो ऑपरेटिव्स की पहचान राणा भाई और मलिक के तौर पर हुई है। खुफिया इनपुट के हवाले से बताया गया है कि साजिश के तहत खासा छावनी और बेस के पास बूढ़ा ठेह की रेकी की गई है। खास बात है कि खासा छावनी में कुछ समय पहले ही धमाका हुआ था। हालांकि, नुकसान ज्यादा नहीं हुआ था और विस्फोट छावनी की बाउंड्री वॉल के पास हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं को यह भी संदेह है कि धमाका पहले से तय प्लान के तहत किया गया था।

Haryana

## पत्नी ने पति का पेट चीरकर निकालीं आंतें, थैले में भर रही थी, तभी...; एक किडनी और लिवर भी गायब



**कुरुक्षेत्र, (एजेंसी)** हरियाणा के कुरुक्षेत्र से रविवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने ही पति की बेरहमी से हत्या कर दी। खौफ का आलम यह था कि महिला यही नहीं रुकी। उसने पति का पेट चीरकर उसकी आंतें बाहर निकाल लीं और उन्हें थैले में भरने लगी। हालांकि तभी घर का मकान मालिक वहां पहुंच गया। इसके बाद जो खुलासे हुए वह और भी सनसनीखेज हैं।

एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक मकान राजेश और विमला यहां करीब एक साल से किराए के मकान में रहते थे। मृतक राजेश मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का था। वह कुरुक्षेत्र में पेहोवा रोड स्थित एक वॉटर ट्रेडिंग कंपनी के सप्लाई डिपार्टमेंट में काम करता था। दोनों की शादी को कई साल हो चुके थे, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी।

**खून से लथपथ मिला राजेश-** मकान मालिक रिंकू ने पुलिस को बताया कि बीती शाम करीब 5 बजे पति-पत्नी के आपस में चिल्लाने और बहस करने की आवाजें आ रही थीं। शोर सुनकर जब वे ऊपर छत की तरफ भागे, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। छत पर पति राजेश खून से लथपथ पड़ा हुआ था और उसके पेट पर गहरे घाव थे। वहीं उसकी पत्नी विमला देवी अपने पति के पेट से बाहर निकली आंतों को उठाकर एक थैले में डाल रही थी।

Telangana

## प्रेमी के लिए माता-पिता की हत्या, अब खुद भी दी जान...

**संगारेड्डी, (एजेंसी)** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां अपने माता-पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार की गई एक महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान नक्काला सुरेखा के रूप में हुई है. वह संगारेड्डी के एक निजी अस्पताल में नर्स के तौर पर काम करती थी. जनवरी 2026 में उसे विकाराबाद जिले में अपने माता-पिता की मौत के मामले में गिरफ्तार किया गया था.

पुलिस के मुताबिक 24 जनवरी को विकाराबाद जिले के बंटवारम मंडल के याचारम गांव में सुरेखा के माता-पिता दशरथ और लक्ष्मी मृत पाए गए थे. शुरुआती तौर पर उनकी मौत को सामान्य माना जा रहा था, लेकिन घटनास्थल से सीरिंज और इंजेक्शन की खाली शीशियां मिलने के बाद पुलिस को शक हुआ. जांच के दौरान सामने आया कि सुरेखा कथित तौर पर इंस्टाग्राम के जरिए एक युवक के संपर्क में आई थी और उससे प्रेम करने लगी थी. वह उससे शादी करना चाहती थी, लेकिन उसके माता-पिता इस रिश्ते के खिलाफ थे. पुलिस को शक था कि इसी विरोध के चलते उसने अपने माता-पिता की हत्या की साजिश रची.

New Delhi

## 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट: त्रिपुरा-ओडिशा में बीते 24 घंटे में 30 सेमी तक बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत में भले ही मानसून कुछ कमजोर पड़ गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड मूसलाधार बारिश कहर बरपा रही है। जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों मार्ग बंद हैं और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भी कुछ ऐसा ही हाल है, ज्यादातर नदियां उफान पर हैं और बाढ़ का पानी तबाही मचा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, देश के लगभग 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अगले चार-पांच दिन छिटपुट से लेकर भारी बारिश होने की संभावना प्रबल बनी हुई है।

### किस इलाके में कितनी बारिश?

मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों के



दौरान त्रिपुरा और ओडिशा में भारी बारिश दर्ज की गई और इन राज्यों में ज्यादातर जगहों पर 21 से 30 सेमी तक बारिश हुई। हरियाणा में भी कई जगहों पर 12-20 सेमी बारिश हुई, जबकि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, असम, तटीय आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के अंदरूनी इलाकों में 7-11 सेमी बारिश दर्ज की गई।

खेल

# महिला हॉकी विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने ड्रॉ पर रोका

*भारतीय टीम का चैंपियन बनने का सपना टूटा*

**कोलंबो, (एजेंसी) देवदत्त पडिक्कल के लगातार दूसरे टेस्ट शतक की बदौलत भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 85 ओवर में 5 विकेट पर 300 रन बना लिए। पडिक्कल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 193 गेंदों पर 117 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल रहे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी अर्धशतक जमाया। उन्होंने 108 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली, जिसमें छह चौके शामिल थे। गिल और पडिक्कल के बीच तीसरे विकेट के लिए 120 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई।**



### पडिक्कल का लगातार दूसरा शतक

पडिक्कल ने धैर्य और संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपने टेस्ट करियर का शानदार शतक पूरा किया। यह उनका लगातार दूसरा टेस्ट शतक है। उनकी 117 रन की पारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### गिल ने भी जड़ा अर्धशतक

कप्तान शुभमन गिल ने भी अच्छी पारी खेली और 50 रन बनाए। हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद वह आउट हो गए। उन्हें श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने विकेट के पीछे कैच कराया। गिल के आउट होने के समय भारत का स्कोर 187 रन था।

### जडेजा और जायसवाल का भी योगदान

भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने 45 रन, जबकि रवींद्र जडेजा ने 43 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। दोनों की पारियों ने भारतीय पारी को मजबूती दी। दिन का खेल खत्म होने तक ध्रुव जुरेल सात रन और सारांश जैन चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

सिनेमा

**उर्फी जावेद को लगा बड़ा झटका!**

## 'बिग बॉस 20' समेत इन 3 बड़े शोज ने दिखाया बाहर का रास्ता



उर्फी जावेद को साल 2026 में एक के बाद एक, कई रिजेक्शन्स का सामना करना पड़ा है। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर किया है। उर्फी जावेद ने इस वीडियो को पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल की अपनी नाकामियों के बारे में बात करते हुए!! थोड़ा स्लो चल रहा है मामला इसलिए मैं पिछले कुछ महीनों से बहुत दुखी थी।' वीडियो की शुरुआत में उर्फी ने कहा, 'यार! जब भी मैं इंस्टाग्राम ओपन करती हूं, कोई न कोई गाड़ी खरीद रहा होता है। लाइफ में कुछ अचीव कर रहा होता है। सब बड़े सक्सेसफुल हैं। लेकिन आज मैं अपनी नाकामियों के बारे में बात करूंगी। तो मेरा जो सीजन 2 आने वाला था 'फॉलो कर लो यार' का, एक महीने पहले कैंसिल कर दिया प्राइम ने। फिर मैं नेटफ्लिक्स का शो कर रही थी, हमने एक एपिसोड शूट भी कर लिया था और नेटफ्लिक्स ने बोला बड़ा ही घटिया शो। उन्होंने एक एपिसोड शूट करने के बाद शो कैंसिल कर दिया।' उर्फी ने आगे कहा, 'फिर मैंने सोचा कोई ना मैं खतरों के खिलाड़ी कर लेती हूं, उन्होंने भी मुझे रिजेक्ट कर दिया। और फिर जो ब्रांड डील्स करती थी मैं...मतलब पांच-छह महीने में, अब वो मैं तीन-चार महीने में दो ही कर रही हूं। उससे ज्यादा मुझे मिल ही नहीं रही हैं।


## Highlights

1. Influencer Prakriti lies on zebra-crossing for photoshoot in MP, booked for disrupting traffic
2. AAP and BJP MLAs among 6 injured in car collision in Delhi
3. BJP holds its first-ever organisational meeting in Srinagar
4. 150 Pakistani brides reach India for weddings after visa wait post Op Sindoor
5. CJP & ABVP workers clash after CJP worker slapped in Jodhpur, 11 detained
6. Tension erupts after eggs thrown at Ganpati procession in Mumbai, police register FIR
7. 3 newborns killed after ventilator blast triggers fire at hospital in Maha's Amravati
8. 19-year-old Kaziah Liz Mejo becomes Miss Universe India 2026

# Anthropic $2 trillion IPO: Why investors think it could be worth more than SpaceX

**NEW DElHI, (Agency).** Anthropic, the artificial intelligence company behind Claude, could be valued at $2 trillion when it goes public, according to some investors. That would put Anthropic above SpaceX, which became the biggest IPO in history after going public at a $1.77 trillion valuation in June.

SpaceX raised $86 billion in its IPO, setting records for both the valuation and money raised. Anthropic confidentially filed its IPO prospectus with the Securities and Exchange Commission in early June. The company could go public before the end of 2026.




Anthropic was valued at $965 billion in its latest funding round in May. Investors now believe its valuation could more than double to $2 trillion by the time of its IPO, according to The Motley Fool. The biggest reason behind that optimism is the company's extremely fast revenue growth. Anthropic has been growing at a pace that could make it one of the fastest-growing software companies ever.

Anthropic reached a $65 billion annualised revenue run rate in July, according to The Motley Fool. A revenue run rate means the company is using its current revenue pace to estimate what it could make over a full year.



# 35 से ज्यादा केस का लिस्टेड गुंडा गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राधिका कुंज में खाली प्लॉटों पर अवैध कब्जा कर दुकानें और टीन शेड बनाने, प्लॉट मालिकों से पैसे मांगने और धमकाने के मामले में क्राइम ब्रांच ने लिस्टेड गुंडे मुख्तियार खान को गिरफ्तार किया है।**



आरोपी पर अवैध कब्जे, रंगदारी और मारपीट समेत 35 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मुख्तियार पर साल 2018 में एक नाबालिग को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने और टॉयलेट सीट चटवाने का भी आरोप लगा था। उस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की थी। आरोपी को रविवार को गिफ्तार किया गया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुख्तियार खान एलआईजी क्षेत्र का निवासी है। उसने राधिका कुंज कॉलोनी के खाली प्लॉटों पर कथित तौर पर कब्जा कर वहां टीन शेड और दुकानें बना ली थीं। इनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। प्लॉट मालिकों ने जब अपनी जमीन खाली करने के लिए कहा तो आरोपी ने कथित तौर पर उनसे बड़ी रकम की मांग की। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, साल 2018 में राधिका कुंज की कब्जे वाली जमीन पर मुख्तियार ने कथित तौर पर एक टॉर्चर रूम बना रखा था। यहां उसके बेटे से विवाद के बाद एक नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की गई थी। आरोप है कि नाबालिग को बेल्ट से पीटा गया और उससे टॉयलेट सीट चटवाई गई। घटना का वीडियो भी बनाया गया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तत्कालीन टीआई तहजीब काजी ने मुख्तियार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने उसके अवैध कब्जों की जानकारी जुटाई और प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जमीन खाली कराई थी। इस दौरान आरोपी का मकान भी तोड़ा गया था। मामले में मुख्तियार को जेल भेजा गया था। आरोप है कि जेल से बाहर आने के बाद मुख्तियार ने विजय नगर और एमआईजी के खुफिया सेल के कुछ जवानों से नजदीकियां बढ़ा ली थीं।

## जेब्रा क्रॉसिंग पर लेटी इन्फ्लुएंसर युवती पर एफआईआर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ट्रैफिक सिग्नल की जेब्रा क्रॉसिंग पर लेटकर वीडियो बनाने वाली इन्फ्लुएंसर युवती प्रकृति गौर पर FIR दर्ज की गई है। तुकोगंज पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। इसके बाद धारा 270, 285 BNS के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने उसका मोबाइल भी जब्त कर लिया।

जेब्रा क्रॉसिंग का वीडियो सामने आने के बाद इन्फ्लुएंसर ने एक और वीडियो जारी कर घटनाक्रम पर खेद जताया था। उसने कहा था कि कुछ लोग उसके वीडियो को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। उसका दावा था कि यह जानबूझकर नहीं किया गया और वीडियो बनाने के दौरान उसने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन नहीं किया। उसने कहा था कि आगे से सार्वजनिक स्थानों पर वीडियो शूट करते समय वह ज्यादा सावधानी बरतेगी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया था। पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपलोड किए गए वीडियो की पहचान की थी। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि वायरल वीडियो में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन दिखाई दिया। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह की ओर से सोशल मीडिया कंटेंट को लेकर जारी प्रिवेंटिव ऑर्डर के तहत भी मामले की जांच की जा रही है।

## कोर्ट में दंपती के विवाद के बाद मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिला कोर्ट में शनिवार को घरेलू हिंसा के मामले में पेशी पर आए दंपती और उनके परिजनों के बीच मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि कोर्ट से बाहर निकलने के दौरान पति की महिला मित्र को देखकर महिला के परिजन नाराज हो गए और विवाद शुरू हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत दी है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक, रितेश चौधरी की शिकायत पर लोकेश बेतव, भारत बेतव, योगेश भदौरिया, नीतू और भारती चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। रितेश महू के रहने वाले हैं और नगर परिषद में कार्यरत हैं। पुलिस के अनुसार, रितेश की पत्नी ने घरेलू हिंसा को लेकर कोर्ट में प्रकरण लगाया था। इसमें रितेश की महिला मित्र पिंकी का भी नाम था। शनिवार को इसी मामले में 14 नंबर कोर्ट में पेशी थी। पेशी के बाद जब रितेश और पिंकी कोर्ट से बाहर निकले, तो ससुराल पक्ष के लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने दोनों से मारपीट शुरू कर दी। रितेश की शिकायत के मुताबिक, पिंकी बचाव के लिए आई तो महिलाओं ने उसे पकड़कर खींच लिया। आरोप है कि महिलाओं ने चप्पलों से उसकी पिटाई की और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। रितेश की पत्नी भारती पर पिंकी को अपशब्द कहने का आरोप है। कोर्ट में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक